## खबर संक्षेप


तरावड़ी। जानकारी देते हुये कंपनी के सीएमडी रमेश गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### 11 कन्याओं का करवाया जाएगा सामूहिक विवाह

**तरावड़ी।** शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी की ओर से जरूरतमंद परिवारों की 11 बेटियों की शादी धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करवाई जाएगी। यह भव्य सामूहिक विवाह समारोह 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी के दिन सेलिब्रेशन पैलेस, तरावड़ी में आयोजित किया जाएगा। कंपनी के सीएमडी रमेश गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपनी बेटियों की शादी अच्छे तरीके से नहीं कर पा रहे।

### 52.70 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस ने शिवपुरी रोड़ से एक आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 52.70 ग्राम स्मैक बरामद की है। जानकारी के अनुसार सदर बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज सतीश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने गांव पत्थरगढ़ (पानीपत)निवासी आकिब को शिवपुरी रोड़ से 52.70 ग्राम स्मैक व बाइक सहित काबू किया गया। चौकी इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी को 6 नवंबर की शाम को नशीला पदार्थ बेचने के मामले में काबू किया गया।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की हुई बैठक

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड करनाल की मीटिंग हुडा कार्यालय सेक्टर 12 में हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान लाभ सिंह आर्य ने की और संचालन सह सचिव गिरधारी लाल ने किया। संघ की सदस्यता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई, जिसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। रिटायर्ड कर्मचारियों के पेंडिंग कार्यों को लेकर अधिकारियों से मीटिंग की जाएगी। उप प्रधान जय भगवान शर्मा व रमेश कुमार पब्लिक को नियुक्त किया गया। डॉ अशोक अरोड़ा को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

डीसी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत, दीप प्रज्वलित व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की आजादी अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का देश की आजादी के लिए अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस गीत ने राष्ट्रीय की चेतना में आजादी की भावना को जगा कर पूरे भारत वर्ष को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। यह गीत 1886 में बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखा गया। जोकि मातृभूमि को समर्पित है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के अभियान का अभिन्न अंग बना। उस समय हर कार्यक्रम की शुरूआत व समापन इसी गीत से होती थी। डीसी उत्तम सिंह शुक्रवार को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई वंदे मातरम् पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। कार्यक्रम में वंदे मातरम् गीत से जुड़े सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में गीत के महत्व को याद किया जा रहा है। पहली बार 1886 में आनंदमठ उपन्यास में इस गीत का प्रकाशन हुआ था। अरविंद घोष ने इस गीत को भारत की मुक्ति का मंत्र बताया। आजादी के आंदोलन में यह गीत हर भारतीय की जुबान पर था। इस गीत से साहस व आत्मबल मिला, जिससे सभी ने मिलकर आजादी की लड़ाई में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् गीत स्वदेशी, स्वाभिमान व सेवा के भाव को हर भारतीय के मन में भरता है। यह सिर्फ़ एक गीत नहीं देश की आत्मा है। जिस प्रकार राष्ट्रीय गान देश की एकता को प्रदर्शित करता है। उसी प्रकार राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् राष्ट्र की आध्यात्मिकता को दर्शाता है। उन्होंने सभी से गीत की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि 150 वर्ष पहले यह गीत जितना प्रासंगिक था, उससे अधिक आज के समय में भी है। आज जब हम विकासशील से विकसित भारत की बात करते हैं। इस राह में हमें स्वदेशी को अपनाना होगा और अपना योगदान देना होगा।




करनाल। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डीसी उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया व प्रस्तुति देते हुए स्कूल के बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### सेवा व समर्पण के भाव को जीवन में अवश्य अपनाएं

उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि सेवा व समर्पण के भाव को अपने जीवन में अवश्य अपनाएं। इसी से समाज व देश का भला हो सकता है। यह सामाजिक जिम्मेदारी के साथ साथ हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। राष्ट्रगीत के भाव को अपने सामाजिक जीवन में अवश्य उतारें। इस मौके पर एसपी गंगाराम पुनिया, एसडीएम अनुभव मेहता, एमडी शुगर मिल अदिति, सीटीएम मोनिका शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, डीडीपीओ कंचन लता, डीआईपीआरओ मनोज कौशिक, उप-नगर निगम आयुक्त अभय, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी मेजर डॉ. अनीता जून, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा, जीएम रोडवेज कुलदीप, रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव कुलबीर मलिक, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# घरौंडा में हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम

■ भारत के राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत के राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय, घरौंडा बसताड़ा में एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या कमलेश रानी के कुशल नेतृत्व तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सामूहिक वन्दे मातरम गान से हुआ, जिसने पूरे परिसर के वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। छात्राओं ने गीत, कविता और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत किया। कार्यक्रम में गणित विभाग की सहायक प्रवक्ता श्रीमती अनुराधा ने वन्दे मातरम् का ऐतिहासिक परिचय देते हुए बताया कि यह गीत संस्कृत-बंगाली मिश्रित भाषा में रचा गया है और भारत को 'सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम' जैसे दिव्य विशेषणों से अलंकृत करता है। उन्होंने कहा कि 1905 के बंग-भंग आंदोलन के दौरान यह गीत पहली बार सामूहिक रूप से गाया गया था, जिसने स्वदेशी आंदोलन को नई गति दी। हिन्दी विभाग के प्रवक्ता डॉ. विक्रम ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्या कमलेश रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रतिदिन 'वन्दे मातरम' गाने, अनुशासित दिनचर्या अपनाने और देश की समृद्धि में योगदान देने की प्रेरणा दी।

### स्वदेशी वस्त्रों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील

वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता दीपा ढुल ने स्वदेशी वस्त्रों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील करते हुए आर्थिक राष्ट्रवाद को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. श्रुति ने कुशलता पूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने हरियाणा राज्यगीत पर सामूहिक नृत्य कर देशभक्ति और गर्व का अनुभव किया। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता श्रीमती अपूर्वा शर्मा, श्री पवन कुमार, डॉ. सतीश कुमार और श्रीमती ममता रानी सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। यह आयोजन केवल वन्दे मातरम की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव ही नहीं था, बल्कि युवा पीढ़ी में देशभक्ति, स्वदेशी चेतना और सांस्कृतिक गौरव की नई अलख जगाने का एक सशक्त संकल्प भी था।

# अनुशासन ईमानदारी परिश्रम और निष्ठा को अपनाकर राष्ट्र के उत्थान में दें अपना योगदान : डॉ. रामपाल सैनी

■ कहा : राष्ट्रप्रेम को केवल शब्दों में नहीं बल्कि कर्मों में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार डीएवी पीजी कॉलेज की एनएसएस ईकाइ और राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वंदे मातरम गीत का सामहिक गान और उसके पश्चात प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय कुलपति एंव कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और देशभक्ति की भावना का ऐसा प्रतीक है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्येक चरण में भारतीय जनमानस को एक सूत्र में बाँधा। उन्होंने कहा कि इस गीत की गूंज में वह भावनात्मक ऊर्जा समाहित है जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने का संकल्प जगाया और करोड़ों भारतीयों के हृदय में स्वतंत्रता की अग्नि प्रज्वलित की। डॉ. सैनी ने कहा कि 'वंदे मातरम' का अर्थ केवल माता की वंदना नहीं, बल्कि यह हमारी धरती, संस्कृति और सभ्यता के प्रति कृतज्ञता का भाव है।


करनाल। कार्यक्रम के दौरान डा. रामपाल सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# गुरु नानक खालसा कॉलेज में 'वन्दे मातरम' समारोह का आयोजन

## राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर छात्रों में जागी देशभक्ति की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में 'वन्दे मातरम' राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य वन्दे मातरम् समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सशक्त करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (एंटी करप्शन फाउंडेशन) एवं अध्यक्ष (ट्रैफिक वेलफेयर एंड रोड सेफ्टी एसोसिएशन) ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन किया, जिससे पूरा सभागार राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवी भूषण, विभागाध्यक्ष (अंग्रेज़ी विभाग) ने वन्दे मातरम् के साहित्यिक इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका पर प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने युवाओं को राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चूहड़ सिंह ने कहा कि 'वन्दे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार कंवरजीत सिंह (प्रिंस) ने इसे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनजागरण का प्रमुख माध्यम बताया। इस अवसर पर डॉ. दीपक काम्बोज, डॉ. कृष्ण राम, डॉ. अमरजीत कौर, प्रो. चेष्टा अरोड़ा, प्रो. इमरान, प्रो. नितिश, प्रो. मनीष और प्रो. पवनदीप सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

■ मानवता जन शक्ति फाउंडेशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल की संयुक्त पहल से सैकड़ों लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिले के गांव जरीफाbबाद स्थित ग्राम सचिवालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने जनरल स्वास्थ्य जांच, स्त्री रोग, दंत रोग, शुगर, उच्च रक्तचाप एवं अन्य कई प्रकार की बीमारियों की जांच की। चिकित्सकों द्वारा रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया तथा जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।


करनाल। सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण शर्मा को सम्मानित करते हुए मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष हरदीप राणा। फोटो: हरिभूमि

# जल्द चलाई जाए सहकारी शुगर मिल

■ मिल प्रशासन करनाल व भाकियू ने संयुक्त बैठक का आयोजन

■ शुगर मिलों को सरकार की इच्छा शक्ति के अनुसार नहीं, किसानों के हितों को देखते हुए चलाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल सहकारी शुगर मिल लिमिटेड को गन्ना पिराई सीजन 2025-26 के लिए जल्द चालू करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को मिल प्रशासन और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रतिनिधि मंडल के बीच बैठक आयोजित की गई। यह बैठक शुगर मिल स्थित रेस्ट हाउस में हुई, जिसकी अध्यक्षता भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने की, जबकि मिल प्रबंधन की ओर से एमडी अदिति मौजूद रहीं। बैठक में रतनमान ने कहा कि यदि मिल को देर से चलाया गया तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा, क्योंकि गन्ने की कटाई के बाद अगली फसल की समय पर बुवाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मिल को 18 नवंबर से चालू करने की तिथि घोषित की जाए ताकि किसान समय से गन्ना छिलाई व लेबर प्रबंधन कर सकें। भाकियू ने सरकार और मिल प्रशासन से गन्ना छिलाई के लिए हारवेस्टर मशीनें उपलब्ध करवाने की भी मांग की। रतनमान ने कहा कि इन मशीनों के लिए किसानों को सब्सिडी या वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए ताकि मजदूरी की कमी से राहत मिल सके। एमडी अदिति ने किसानों को भरोसा दिलाया कि आगामी चार दिनों में मिल चालू करने की स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी।



# शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन आज

■ शिक्षक तबादला संघर्ष समिति ने हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आंदोलन को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पिछले तीन वर्षों से प्रदेशभर में शिक्षकों के तबादलों की मांग को लेकर सक्रिय शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने घोषणा की है कि जो भी संगठन शिक्षक ट्रांसफर के मुद्दे पर आंदोलन करेगा, समिति उसका समर्थन करेगी और उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगी। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल, महिला राज्य प्रधान जसबीर कौर ने बताया कि 8 नवंबर को शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन में समिति के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर नीति अब प्रदेश के शिक्षकों का सबसे गंभीर मुद्दा बन गया है और इसे सभी संघों को मिलकर प्राथमिकता से उठाना चाहिए। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने सभी शिक्षक संगठनों से अपील की कि वे एक मंच पर आकर शिक्षक, शिक्षा और शिक्षार्थी को बचाने की दिशा में एकजुट संघर्ष करें। इस अवसर पर राज्य महासचिव रामनिवास संगोही, राज्य सचिव पवन वर्मा, सलिंद्र अभिलाषी, सुरेंद्र शाहपुर मौजूद रहे।

**विकास** श्मशान घाट में बना सुंदर पार्क, एलईडी लाइटों से जगमगाईं गलियां

# घोघड़ीपुर बना विकास की मिसाल : गांव में शहर की तर्ज पर हो रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कहते हैं, अगर नीयत साफ़ और सोच सकारात्मक हो तो छोटा सा गांव भी शहरों को मात दे सकता है। करनाल जिले का गांव घोघड़ीपुर आज इसी बात का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। यहां की ग्राम पंचायत ने विकास की ऐसी दिशा तय की है कि अब गांव का हर कोना तरक्की की चमक से जगमगा उठा है। ग्राम पंचायत द्वारा गांव में शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली की व्यवस्था की गई है, जो रोजाना सुबह घर-घर से कूड़ा उठाती है। वहीं गांव की फिरनी पर एलईडी लाइटें लगाई गई हैं, जिससे रात के समय गांव जगमग दिखाई देता है। इससे सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर हुई है और गांव की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं।


करनाल। गांव में चल रहे निर्माण कार्य का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

### सरपंच का विजन, आदर्श ग्राम बनाना लक्ष्य

गांव की सरपंच संगीता रानी और उनके प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार व घरौंडा विधायक एवं विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण के सहयोग से गांव घोघड़ीपुर को एक आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में लगातार विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि गांव में जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जा रहा है। आने वाले समय में कई नई योजनाएं शुरू की जाएगी, ताकि गांव के विकास को नई दिशा मिल सके और घोघड़ीपुर हरियाणा के सबसे स्वच्छ और विकसित गांवों में अपनी पहचान बना सके।

**शमशान घाट का कायाकल्प :** गांव के शमशान घाट को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। पहले जहां अव्यवस्था और उपेक्षा थी, वहीं अब यहां सुंदर पार्क, पेड़-पौधे और स्वच्छ वातावरण ने इसे हरियाली और शांति का अनोखा संगम बना दिया है। पंचायत ने पूरे परिसर की चारदीवारी कर उसे सुरक्षित बनाया है और फर्श को पक्का कर स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया है।अब यहां आने वाले लोग शांत वातावरण में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

**गांव की चौपालों की बदली दशा:** ग्राम पंचायत ने गांव के सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और हरियाली बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया है। सभी चौपालों में इंटरलॉक टाइल्स लगाई जा रही हैं, जिससे लोगों को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। इसके अलावा पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी ग्रामीण को असुविधा न हो।

# महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ में रिया ने पाया प्रथम

■ खेल जीवन का अभिन्न अंग, खेलों से हमारी शारीरिक और मानसिक सेहत में होता है सुधार : रामकुमार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने शहीद उधम राजकीय कॉलेज मटक माजरी में 21 वीं वार्षिक दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का झंडा फहराकर व खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी लेकर शुभारम्भ किया। कॉलेज प्रिंसिपल महिन्द्र सिंह बागी व कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने विधायक का पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर स्वागत किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई का सबसे अधिक महत्व होता है तथा उन्हें पूरी मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई करनी चाहिए ताकि वे जीवन में अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें।


इंद्री। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के साथ विधायक रामकुमार कश्यप व महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में कमल सिंह प्रथम स्थान, आशू द्वितीय स्थान और अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ में रिया प्रथम स्थान, निशा द्वितीय स्थान और सिमरन तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग की 400 मीटर दौड़ में आशु प्रथम स्थान, अभिषेक तृतीय स्थान और कमल सिंह तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में निशा प्रथम स्थान, सिमरन तृतीय स्थान और रिया तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट पुरुष वर्ग में मनोज कुमार प्रथम स्थान, विशेष द्वितीय स्थान और हर्षित तृतीय स्थान पर रहे। शॉट पुट महिला वर्ग में संजना प्रथम स्थान, अंजली द्वितीय स्थान और परनीत कौर तृतीय स्थान पर रही। लांग जंप पुरुष वर्ग मे अनमोल प्रथम, द्वितीय विशेष एवं तृतीय स्थान पर विवेक कुमार रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय सिवाह पानीपत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव मनाया गया। वहीं, अध्यापिकाओं व छात्राओं ने वंदे मातरम गीत का एक स्वर में गायन किया। इधर, प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता ने राष्ट्रीय गीत के इतिहास की छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वूमेन सेल इंचार्ज प्रियंका, पूनम कादियान, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

### बच्चों को पढ़ने की आदत के फायदों की जानकारी दी

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में संस्कारशाला के अंतर्गत 'प्रतिबद्धता से व्यक्तित्व निर्माण' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत की प्रतिबद्धता के बारे में प्रेरित किया। वहीं, हिंदी अध्यापिका सुमित्रा ने बच्चों को प्रतिदिन पढ़ने की आदत के फायदों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल युवराज जैन, सीए कमल किशोर, मुस्कान जैन आदि उपस्थित रहे।

### ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों की अनूठी योजना आरम्भ

**पानीपत।** नवीन एंव नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा एंव हरेडा द्वारा राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों की एक अनूठी योजना आरम्भ की गई है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन करने की अंतिम तिथि छह दिसंबर है।

### पुलिस ने नगदी चोर पकड़ा

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस ने बाइक सवार करहंस गांव निवासी विक्रम से लिफ्ट लेकर बैग से 20 हजार रुपये चोरी करने के आरोपी गांव खलीला प्रहलादपुर निवासी परमीत उर्फ बच्ची को गिरफ्तार किया है। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि चोरी के इस मामले में समालखा चौकी में केस दर्ज है।

### शिविर में कला के गुर सीखे

**पानीपत।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में जिला भर के कला अध्यापकों और ललित कला प्राध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर में अध्यापकगण कला के गुर सीख रहे है। वहीं, प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य और डीईओ पानीपत सुभाष चंद्र भारद्वाज ने बताया कि समय का उचित प्रबंधन एक शिक्षक के लिए आवश्यक होता है।

### गंगा स्नान को श्रद्धालु रवाना

**पानीपत।** श्री हनुमान मंदिर तहसील कैंप फतेह पुरी चौक से श्रद्धालु हरिद्वार गंगा स्नान के लिए रवाना हुए। इस असर पर पंडित सतीश शर्मा, श्याम शर्मा, सोनू सलूजा, राज कुमार हीरा, बाबा बरेजा, अशोक चोपड़ा, मनोज बरेजा, अनिल, नमन विज, कमल मल्होत्रा, कमलेश शर्मा, प्रेम शर्मा, कविता शर्मा, कुसुम वर्मा, गीता, पूजा, अंजू, सीमा, चेतना व दीक्षा आदि उपस्थित रहे।

### गांव गवालडा से विशाल पद यात्रा आज

**पानीपत।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आठ नवंबर को पानीपत जिला के गांव गवालडा से एक विशाल पद यात्रा शुरू होगी। इस अभियान का नेतृत्व केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल करेंगे। सभी युवा संगठन, एनएसएस, एनसीसी, हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड्स जैसे संगठनों के स्वयंसेवक भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का हुआ सामूहिक गायन

**पानीपत।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गौरवपूर्ण 150 वर्ष पूर्ण होने पर एसडीएम कार्यालय में आज उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम नवदीप सिंह नैन व तहसीलदार नरेन्द्र दलाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्रों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। सभी ने एलईडी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल प्रसारण देखा।

---

## एसडी कॉलेज में वंदे मातरम के सम्पूर्ण अंतरों का गायन किया

# मातृभूमि की वंदना है वंदे मातरम : डॉ. अरोड़ा

**संस्कृत में वंदे मातरम का अर्थ है 'मैं मां की आराधना करता हूं'**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा राष्ट्रीय गीत का गायन करते हुए। फोटो:हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में भारत के राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन किया। वहीं, वन्दे मातरम के सम्पूर्ण छह अंतरों का हृदय से गायन किया गया। इधर, प्राचार्या डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि वन्दे मातरम गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक महत्वपूर्ण नारा बन गया था जिसे बाद में इसे भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया। संस्कृत में वंदे मातरम का अर्थ है 'मैं मां की आराधना करता हूं'। वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने सन 1875 में की थी। इस गीत को सन 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार गाया था। उस समय यह गीत केवल स्वर नहीं था बल्कि यह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक आवाज थी। सन 1905 के बंग आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्येक चरण में वंदे मातरम ने भारतवासियों के हृदय में जोश और एकता का संचार किया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने इस गीत को अपनी प्रेरणा का मंत्र बनाया। जबकि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 1950 में वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया। वंदे मातरम मातृभूमि की वंदना है।



पानीपत। साथ में शिक्षक व विद्यार्थी भी राष्ट्रीय गीत का गायन करते हुए। फोटो:हरिभूमि

---

# देशभक्ति के भाव से भरा है वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत : सिंह

■ राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष स्मरणोत्सव पर पुलिस ने राष्ट्र सेवा की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। पानीपत में पुलिस अफसर व कर्मी राष्ट्रीय गीत का गायन करते हुए।

देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गौरवपूर्ण 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला पुलिस पानीपत की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी थाना, चौकी व कार्यालयों में देशभक्ति और राष्ट्र एकता से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सभी स्थानों पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ एक स्वर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा की शपथ ली। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मां भारती के चरणों में नमन करते हुए तथा वंदे मातरम पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वंदे मातरम भारत का एक प्रेरक और भावनात्मक राष्ट्रीय गीत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के हृदय में देशभक्ति की भावना को जागृत किया था और आज भी यह देश के प्रेम, एकता और समर्पण का प्रतीक है। वहीं, यह गीत हमें अपने देश के प्रति प्रेम और कर्तव्यों की याद दिलाता है।

### अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई होगी : डीसी

**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न शहरी एवं नियंत्रित क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माणों और अनधिकृत कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर विस्तृत पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध निर्माणों और अनियमित कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएं। वहीं, सीलिंग व डिमॉलिशन ड्राइव्स के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

# अवैध खनन की ड्रोन से होगी निगरानी

■ उत्तर प्रदेश से आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सघन जांच की जाए : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में अवैध खनन रोकथाम को लेकर बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और यमुना नदी क्षेत्र में किसी भी तरह की माइनिंग गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सघन जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर चालान करने में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। जबकि ड्रोन की मदद से निगरानी बढ़ाई जाए ताकि किसी भी अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कृषि विभाग सहित सभी संबंधित विभागों का सक्रिय सहयोग जरूरी है।

---

# मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आकर आध्यात्म की शक्ति का अनुभव हुआ : भंवर सिंह

■ अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीयाध्यक्ष व भारतीय पत्रकार सुरक्षा संघ ट्रस्ट यूपी के प्रदेश प्रवक्ता ने मां भद्रकाली शक्तिपीठ में नवाया शीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल और भारतीय पत्रकार सुरक्षा संघ ट्रस्ट यूपी के प्रदेश प्रवक्ता भंवर सिंह चौहान ने शुक्रवार को हरियाणा के इकलौते शक्तिपीठ मां भद्रकाली कुरुक्षेत्र में शीश नवाया और मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद लिया। सर्वप्रथम टीम शक्तिपीठ ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पावन-पवित्र शक्तिस्थल श्री देवीकूप पर मां की विधिवत पूजा की व माथा टेका। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा जी ने मां की लाल चुनरी व पुष्पमाला से उनका भव्य स्वागत - सत्कार किया। उन्होंने अतिथियों को मां का प्रसाद व आशीर्वाद देकर उनके सेवा भावी यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा जी व माता श्रीमती शिमला देवी जी के सानिध्य में उन्होंने मां भद्रकाली जी का पूजन-अर्चन किया और मां से प्रार्थना की कि वे अपने सभी भक्तों पर इसी प्रकार अपना आशीर्वाद बनाए रखें।उन्होंने पञ्चदीप आरती -वन्दन भी किया व मां को पन्चमेवे व केलों का भोग अर्पित किया। मां को लाल-चुनरी, लाल वस्त्र, सिंदूर व नारियल इत्यादि भेंट अर्पित किया।

---

# देश के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजकीय स्कूल, शाहपुर में फैला उजियारा द्वारा राष्ट्रीय गीत का गायन दृश्य। फोटो : हरिभूमि

फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव शाहपुर स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को देशभक्ति से लबरेज कार्यक्रम का आयोजन किया।

वहीं, कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारी भावनाओं, श्रद्धा और एकता का प्रतीक है। यह गीत हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की अग्नि प्रज्वलित करता है और हमें हमारे गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर प्राचार्य दिनेश कुमार, गीता शर्मा, संजय शर्मा, राजबाला मलिक, अमित कुमार, राजीव बत्रा, ज्योति, सुशीला, सुमन रानी, विनोद कुमार, सुमन, गीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

# भारत का स्वर्णिम युग लौटेगा : गजेंद्र सलूजा

■ हाकी इंडिया के 100 साल पूरे होने पर आयोजित किया हाकी मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा




समालखा। हाकी खेल की 100वीं वर्षगांठ समारोह में अतिथियों के साथ खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पानीपत में प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने कहा कि भारत का स्वर्णिम युग फिर लौटेगा और भारत पुनः विश्व विजेता व ओलंपिक विजेता बनेगा। सलूजा शुक्रवार को गांव आट्टा के चंदन बाल विकास स्कूल में हाकी एसोसिएशन पानीपत के तत्वावधान में हाकी इंडिया के सो साल पूरे होने पर आयोजित किए गए प्रदर्शनी हाकी मैच के दौरान बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। वहीं, हाकी के 100 साल पूरे होने पर चंदन बाल विकास स्कूल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बोलते हुए हाकी एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सलूजा ने कहा कि भारतीय हाकी के स्वर्णिम काल को सदैव याद किया जाता है। इस अवसर पर लड़कियों व लड़कों का प्रदर्शनी हाकी मैच हुआ। लड़कों के वर्ग में रोमांचक मुक़ाबले में चंदन बाल विकास स्कूल ने फ़ेथ फ्रेंड्स क्लब को शूटआउट में 4-3 से हराया। जबकि लड़कियों के मुक़ाबले में आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने चंदन बाल विकास स्कूल को 5-1 से हराया।

**कार्यक्रम में सभी मेहमानों का स्वागत किया**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदन बाल विकास स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार, विद्यालय की अकेडमिक इंचार्ज स्वेता गाहल्यान ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। जबकि हाकी एसोसिएशन के सचिव संजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष सुरेश रावल, मीडिया प्रभारी संजय जैन, सदस्य अनिल मोर, भाजपा के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी डा. राजवीर आर्य, हाकी कोच धर्मेंद्र सिंह, सौरभ, साहिल, विकास, गुरलीन समेत बड़ी संख्या में हाकी प्रेमी उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने वन्दे मातरम गीत गाया

■ उपस्थित जनों को हरियाणा के रहन सहन व संस्कृती से अवगत कराया

**समालखा।** समालखा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर लघु सचिवालय परिसर में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम किया गया। जिसमें एसडीएम अमित कुमार, नायब तहसीलदार, बिजली विभाग एसडीओ शिव कुमार रावल, प्रधान जसबीर नंबरदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने जोश के साथ कार्यक्रम में वन्दे मातरम गीत गाया। जय जय हरियाणा गाने ने माहौल हरियाणवीं बना दिया। वहीं उपस्थित जनों को हरियाणा के रहन सहन व संस्कृती से अवगत कराया।

## न्यूज डायरी

### श्री श्याम संकीर्तन होगा

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ में श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ द्वारा श्री चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन सोलह नवंबर रविवार को किया जा रहा है। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। जिसमें बलवान शर्मा, प्रेम शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक शर्मा, मोहन वर्मा, जयपाल शर्मा, कृष्ण देशवाल, हवा सिंह शर्मा, राजेश शर्मा, अजय शर्मा, राजेश देशवाल आदि उपस्थित रहे।

### श्री श्याम वंदना उत्सव नौ को

**पानीपत।** श्री श्याम सांवरिया मंडल काबडी रोड द्वारा नौ नवंबर को आठवां विशाल श्री श्याम वंदना महोत्सव प्राचीन सिद्ध श्री देवी मंदिर में आयोजित होगा। वहीं संकीर्तन के दौरान भंडारे में बाबा का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आंचाल जैन ने सभी श्याम प्रेमियों से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में संकीर्तन में पहुंचकर श्री श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### महिला की आंखें दान की

**पानीपत।** एल्डिको निवासी राजरानी छाबड़ा इसां ने मरणोपरांत आंखें दान कर दो अंधेरी जिंदगियों को रोशनी देने का कार्य किया है। डेरा सच्चा सौदा के राहुल इंसा ने यह जानकार दी। इस अवसर पर माता के बेटे रजनीश इंसा, बेटी नीलम वधवा, सुनीता मक्कड़, आशा इंसा, निशा इंसा, दीपक तलूजा शालू कालरा व डेरा प्रेमी उपस्थित रहे।

---

# जनसंचार संस्थान के छात्रों ने ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी का शैक्षणिक किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थी एतिहासिक स्थल राखीगढ़ी (हिसार) का शैक्षणिक भ्रमण संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव और सुनिता के संयुक्त नेतृत्त्व में किया। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी भारत की 5000 पुरानी राखीगढ़ी सभ्यता का शैक्षणिक किया। छात्रों ने टीचर्स के साथ ऑन द स्पोर्ट रिपोर्टिंग वही गौरवशाली सभ्यता से रू-ब-रू परिचित हुए।

**यह छात्र हुए शामिल**

डॉ. अभिनव ने कहा कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के 18 सदस्यों ने इस ऐतिहासिक एजुकेशन भ्रमण में हिस्सा लिया. राखी गढ़ी स्थल के बारे में अमित वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। उनके अनुसार पहली बार 1963 में प्रोफेसर सूरज भान, इतिहास विभाग, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र ने इस ऐतिहासिक स्थल का उत्खनन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में एम.ए. अंतिम वर्ष की रोहिणी, रिया, जशनदीप, अंशुमन, दिवाकर, निखिल, त्विशी, दीक्षा, आयुषी और नीरू; एम.ए. प्रथम वर्ष से मोहम्मद कैफ; एम.एससी. द्वितीय वर्ष से लक्ष्य; बी.ए. तृतीय वर्ष से ज्योति और कंचन; तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष से आर्चिश और दीपक शामिल हुए।

---

## मुनि श्री 108 निशचिंत सागर महाराज का पानीपत में हुआ मंगल प्रवेश

# मंदिर से श्रद्धालुओं को मिलती है उर्जा : सागर

**सरधना जैन समाज से आए हुए अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पानीपत में मुनि श्री 108 निशचिंत सागर महाराज का स्वागत करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो:हरिभूमि

विश्व विख्यात ऐतिहासिक व टेक्सटाइल नगरी पानीपत में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं आचार्य श्री 108 समय सागर के आज्ञानुवर्ती मुनि श्री 108 निशचिंत सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश बड़े ही धूमधाम के साथ हुआ। महाराज श्री को भव्य शोभायात्रा के साथ पानीपत में मुनि श्री का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। वहीं, श्री दिगंबर जैन पंचायत पानीपत के द्वारा बैंड बाजों के साथ विशेष रूप से मुनि श्री की भव्य अगवानी की। जबकि श्री दिगंबर जैन पंचायत के द्वारा सरधना जैन समाज से आए हुए अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया गया। इधर, अधिवक्ता मेहुल जैन ने कहा कि यह हम सब का सौभाग्य है कि महाराज श्री का आज पानीपत नगरी में मंगल प्रवेश हुआ है। जबकि महाराज श्री ने कहा कि जिनालय हमें ऊर्जा देते हैं हमें आनंद देते हैं हमारी मलिनता को हर लेते हैं यह मंदिर ही तो है जो हमारे सम्यक दर्शन का कारण बनते हैं।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन, उप प्रधान सुरेश जैन, सचिव मनोज जैन, प्रबंधक पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष सुशील जैन, संजीव जैन जैन स्कूल सोसायटी के प्रबंधक विपुल जैन, उप प्रबंधक दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, दिनेश जैन गोरा, अभिषेक जैन, रूलिया राम जैन , विभोर जैन, मनीष जैन आदि*

